## महत्वपूर्ण एवं खास

### क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर भेजे गए लिंक से 96 हजार रूपये की ठगी

**रायगढ़।** दिनांक 18.08.2022 को थाना चक्रधरनगर में ग्राम शकरबोगा में रहने वाले अमित कुमार बेहेरा पिता विपिन बेहेरा (उम्र 36 वर्ष) द्वारा ऑनलाइन ठगी का लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 04.08.2022 को मोबाईल नंबर 891055XXXX से इसके मोबाईल में फोन आया। अज्ञात कॉलर कहने लगा कि आपका क्रेडिट कार्ड का हर महीने का चार्ज लग रहा है , क्या इस कार्ड को बंद कराना चाहते हैं। इतना कहकर कॉलर मोबाईल में मोबाईल पर एक लिंक भेज रहा हू उसमें क्रेडिट कार्ड कैंसिल के ऑपशन को टच करने के लिये बोला जब अमित कुमार बेहेरा लिंक को खोल कर कैसिंल ऑपशन को टच किया तो उसके मोबाईल में ऑटोमेटिक दो OTP आया, उसके बाद अज्ञात व्यक्ति OTP पूछा जिसके बताने के बाद अमित कुमार बेहेरा के SBI के क्रेडिट कार्ड से 96,472 रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से आहरण कर लिया गया। चक्रधरनगर थाने में अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर भेजे गए किसी भी लिंक को टच ना करें, ना ही किसी एप्स को मोबाइल पर डाउनलोड करें तथा ओटीपी किसी भी अज्ञात व्यक्ति से शेयर ना करें इससे धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं।

### चौकी खरसिया में युवती ने दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

**रायगढ़।** दिनांक 17.08.2022 को पुलिस चौकी खरसिया में स्थानीय युवती द्वारा पुलिस चौकी खरसिसा के नई गुंडा सूची में दर्ज बदमाश मोनू केशरी पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। युवती बताई कि मोनू केशरी पत्नि बनाकर रखूँगा कहकर बहला फुसलाकर इच्छा के विरुद्ध दिनांक 08.06.2022 की रात घर आकर शारिरिक संबंध बनाया। उसके बाद कई बार शारिरिक संबंध बनाया। अब मोनू केशरी शादी करने से इंकार कर रहा है। युवती के रिपोर्ट पर धारा 376 IPC के तहत दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर स्टाफ के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया जा रहा है, आरोपी फरार है। आरोपी आनंद उर्फ मोनू केशरी निवासी गंज पीछे खरसिया के पूर्व अपराधिक रिकार्ड पर खरसिया पुलिस उसे जिला बदर करने की कार्रवाई करने प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी की ओर प्रेषित किया गया है।

### अगले 24 घंटे के भीतर राज्य के कई स्थानों पर हो सकती है भारी बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटो के दौरान कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है और भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। केंद्रीय मौसम विभाग ने बताया कि ओडिशा में कम दबाव का एक क्षेत्र बनने से अगले दो दिनों में मूसलाधार बारिश होने के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है जिससे कुछ राज्यों में बारिश होने की संभावना है। एमआईडी के मुताबिक राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के उत्तरी भाग में कम दबाव का क्षेत्र बना है। साथ ही एक मानसूनी ट्रफ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ हिस्सों से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। साथ ही पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के आस पास के क्षेत्र में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी बन रहा है जिसकी वजह से पूर्व और मध्य भारत में आज भारी वर्षा के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की उत्तरपूर्वी खाड़ी के ऊपर बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिशा में चला गया है और एक डिप्रेशन के रूप में केंद्रित हो गया है।

# जिले में पांच कृष्ण कुंज का हुआ लोकार्पण : कृष्ण कुंज में रोपे गए कृष्ण वट, कल्पतरु, पारस पीपल और कदंब के पौधे

- उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने पौधे रोपकर कृष्ण कुंज का किया लोकार्पण
- कृष्ण कुंज में दिखेगा प्रकृति के साथ संस्कृति का मेल-उच्च शिक्षा मंत्री पटेल

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार नगरीय क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देने तथा एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व के पौधों की उपलब्धता के उद्देश्य से आज कृष्ण कुंज का लोकार्पण जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने सारंगढ़ में पौधारोपण कर कृष्ण कुंज का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े एवं अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष पद्मा घनश्याम मनहर ने भी कृष्ण कुंज में पौधारोपण किया। जिले में नगर पालिका सारंगढ़ के साथ रायगढ़ के बांझीनपाली, नगर पंचायत पुसौर के बोरोडीपा, नगर पंचायत पुसौर, सरिया और घरघोड़ा में पौधरोपण किया गया।

सारंगढ़ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कृष्ण कुंज के लाकार्पण की बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार आज कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज के रूप में उद्यान विकसित किया जा रहा है। यहां प्रकृति के साथ संस्कृति का मेल देखने को मिलेगा। उन्होंने कृष्ण के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन समस्त मानव जाति के लिए कई सीखों से भरा हुआ है। जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बिना विचलित हुए किस प्रकार सामना करना हैं यह उनके जीवन से सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण और संवर्धन करना ही हमारा



उद्देश्य है। कृष्ण कुंज पौधों के संरक्षण की दिशा में विशेष योजना है। इससे शहर में हरियाली प्रसार के साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य होगा। इस मौके पर सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से प्रारंभ इस योजना से सांस्कृतिक आध्यात्मिक महत्व का रोपण हो रहा है। यह अत्यंत सराहनीय प्रयास है। इस योजना से विकसित उद्यान का लाभ सभी जनों को मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार नगरीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जीवन उपयोगी वृक्षों का रोपण एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से इस वृक्षारोपण को जन-जन और सांस्कृतिक विरासत से जोडऩे एवं विशिष्ट पहचान देने के लिए इसका नाम कृष्ण कुंज रखा गया है। रायगढ़ क्षेत्र के बांझीनपाली में विकसित होने जा रहे कृष्ण कुंज में लगभग 200 पौधे रोपित किये गये है। इसी प्रकार नगर पालिका सारंगढ़ में भी 200 पौधे लगाए गए। नगर पंचायत पुसौर के बोरोडीपा, सरिया तथा घरघोड़ा में भी पौधारोपण किया गया है। जिले के पांच कृष्ण कुंज में सांस्कृतिक महत्व के विभिन्न पौधे कृष्ण वट, बरगद, बटुक, पीपल, अंजीर, सेव, आम, कल्पतरू, पदम, बेल, नारियल, इमली, नीम, पारस, पीपल, रामफल, बादाम आदि के पौधे रोपे जा रहे है।

इस अवसर पर गौ सेवा आयोग सदस्य पुरुषोत्तम साहू, जनपद अध्यक्ष सारंगढ़ मंजू मालाकार, नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, जनपद पंचायत सारंगढ़ उपाध्यक्ष गनपत जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य वैजन्ती लहरे एवं अनिका विनोद भारद्वाज, अरुण मालाकार, सूरज तिवारी, संजय दुबे, धीरज यादव, परमानंद पटेल, गोल्डी नायक, सरिता गोपाल, मंजू लता आनंद, शुभम वाजपेई, राकेश पटेल, कमला किशोर निराला, रविंद्र नंदे, सुश्री सरिता मल्होत्रा, विष्णु चंद्रा, राजकमल अग्रवाल, डीएफओ सुश्री स्टाइलो मंडावी सहित वन विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**विधायक प्रकाश नायक ने पुसौर और सरिया में कृष्ण कुंज का किया लोकार्पण**

आज कृष्ण जन्माष्टमी पर शुरू की जा रही कृष्ण कुंज योजना के तहत पुसौर के बोरोडीपा और सरिया में विधायक प्रकाश नायक ने पौधे रोपकर कृष्ण कुंज का लोकार्पण किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सरिया स्वप्निल स्वर्णकार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि कृष्ण कुंज में सांस्कृतिक महत्व के पौधों के साथ सभी प्रकार के पौधे लगाये जा रहे है। यह जन-जन तक वृक्षारोपण कर प्रकृति के साथ ही अपने सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का अनूठा प्रयास है। यह सेहत की दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगा।

## जन्माष्टमी मेले में पॉकेटमारी करने घूम रहे 2 महिला समेत 5 संदिग्ध पुलिस की हिरासत में

- सारंगढ़ और बाराद्वार के हैं पॉकेटमार जिनमें एक 17 वर्षीय किशोर बालक

**रायगढ़।** रायगढ़ के ऐतिहासिक जन्माष्टमी मेले में जिले के अलावा सीमावर्ती राज्य ओड़िशा व सरहदी जिलों से लोगों का आने का सिलसिला जारी है। बाजार व मेले में लोगों की भीड़ को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मेला स्थल, मंदिर एवं चौक-चौराहों पर पुलिस की व्यवस्था लगाई गई है। चैन स्नैचिंग, पाकेटमारी जैसी घटना पर अंकुश लगाने पुलिस के जवान सादी वर्दी में भी तैनात किए गए हैं। आज दोपहर शनि मंदिर क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था में लगे भूपदेवपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला, चक्रधरनगर थाना प्रभारी शनिप रात्रे तथा बरमकेला के आरक्षक प्रकाश गिरी द्वारा दो महिला, दो युवक व एक 17 वर्षीय किशोर बालक को पाकिटमारी करते हुए पकड़ा गया है। मंदिर परिसर एवं मेला स्थल में CCTV से भी निगरानी रखी जा रही है, जिसमें संदिग्धों के फुटेज देखें गये हैं। कोतवाली पुलिस सभी संदिग्धों को थाने



लायी जिन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर शीघ्र एसडीएम न्यायालय पेश जावेगा, दोनों महिलाएं बाराद्वार की रहने वाली है तथा सभी युवक ग्राम हरदी सारंगढ़ के रहने वाले हैं। देर शाम एएसपी लखन पटले, सीएसपी दीपक मिश्रा पैदल पेट्रोलिंग कर सभी ड्यूटी पांइट का निरीक्षण कर जवानों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

पकड़े गए महिला एवं युवक-

(1) धनी सांई पिता चन्नीलाल सांई उम्र 19 वर्ष ग्राम हरदी थाना सारंगढ़ (2) लालू साई पिता रमेश सांई उम्र 21 वर्ष ग्राम हल्दी सारंगढ़ (3) सीमा बेड़े पति स्वर्गीय लाखन बेड़े उम्र 50 वर्ष निवासी बाराद्वार (4) पिंकी डाहिरे पति रिंकू उर्फ राजेश डाहिरे उम्र 35 साल निवासी बाराद्वार (5) एक 17 वर्षीय किशोर बालक।

## कांटा घर के तौल कर्मचारियों के साथ सांठगांठ कर ट्रेलर ड्रायवर ने रास्ते में बेच दिए 4 लाख का कोयला

- ट्रेलर में आधा कोयला लेकर फैक्ट्री जामगांव पहुंचे तीन ड्रायवर, फैक्ट्री के सिक्युरिटी मैनेजर ने थाना चक्रधरनगर में दर्ज कराया एफआईआर

**रायगढ़।** दिनांक 18.08.2022 को MSP फैक्ट्री जामगांव के सिक्युरिटी मैनेजर आशुतोष कुमार वर्मा (उम्र 58 वर्ष) द्वारा कुसमुण्डा माईन्स से ट्रांसपोर्ट के जरिये आये तीन ट्रेलर के ड्रायवरों द्वारा MSP के कांटा घर के तौल कर्मचारियों के साथ सांठगांठ कर करीब 47 टन कोयला कीमती 400000रू. का हेराफेरी करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

फैक्ट्री के सिक्युरिटी मैनेजर के बताये अनुसार MSP फैक्ट्री में कई कोयला खदान से कोयला आता है। आकाश सिंग ट्रांसपोर्ट पाली रोड़ दीपका कोरबा के माध्यम से वाहन ट्रेलर क्रमांक CG 12 AX 5947, CG 10 AP 0396, CG 12 S 5737 में कुसमुण्डा माइंस से दिनांक 10-11/08/2022 के दरमियानी रात्रि कोयला आया जो बिल्टी के मुताबिक ट्रेलर क्रमांक CG 12 AX 5947 में 31.280MT एवं ट्रेलर क्रमांक CG 10 AP 0396 में 28.430MT एवं ट्रेलर क्रमांक CG 12 S 5737 में 31.060MT कोयला लोड था। फैक्ट्री में आना वाला कोयला गाड़ी का फैक्ट्री के कांटा घर में तौल होने के बाद कोयला कोलवासरी में खाली होता है। उक्त तीनों वाहनों के चालक अपनी अपनी गाड़ियों को कांटा घर से कांटा कराकर दिनांक 11.08.2022 को सुबह करीब 08:00 बजे तीनों वाहन कोलवासरी माल खाली करने जाने पर कोलवाशरी में ड्यूटीरत सुपरवाईजर MSP कांटा पर्ची देख कर कोयला को देखा। तब तीनों वाहनों में कांटा पर्ची के मुताबिक कम कोयला दिखने पर जय प्रकाश राव कोलवाशरी इंचार्ज को बताया। जय प्रकाश राव तीनों ड्राईवर से पूछने पर बताये कि रास्ते में सभी गाड़ियों से करीब आधा-आधा कोयला रास्ते में बेच दिये हैं। उनका कांटा घर में सेटिंग है, गाड़ी के हिसाब से पैसा देते हैं। तब गाड़ी मालिक को बुलवाने पर नहीं आये। दिनांक 12.08.2022 को गाड़ियों का कांटा करने से ट्रेलर क्रमांक CG 12 AX 5947 में करीब 15 टन कोयला , ट्रेलर क्रमांक CG 10 AP 0396 करीब 15 टन एवं ट्रेलर क्रमांक CG 12 S 5737 में 17 टन कोयल कम होना पाया गया। गाड़ियों का MSP के कांटा घर के आपरेटर सरोज श्रीवास एवं रविन्द्र मानकर अपनी ड्यूटी दौरान वजन किया गया था। इस प्रकार तीनों वाहन चालक एवं कांटाघर कर्मी रविन्द्र मानकर सरोज श्रीवास द्वारा तौल में हेराफेरी कर करीब 47 टन कोयला कीमती करीब 400000रू. का गबन कर अमानत में खयानत किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 407, 408, 34 IPC का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## यात्री बस व कार के बीच भीषण टक्कर, 5 की मौत

- गैस कटर से काटकर निकाले गए शव

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नेशनल हाइवे नंबर 30 पर जगदलपुर में शुक्रवार तडक़े बड़ा हादसा हो गया। यात्री बस व कार की आमने सामने से टक्कर में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि बस के सामने का पूरा कांच ही टूट गया और कार के तो परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार में शव बुरी तरह फंस गए थे। गैस कटर की मदद से कार की बॉडी को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। घटना शुक्रवार तडक़े 3330 बजे की बताई जा रही।



मिली जानकारी के अनुसार पायल ट्रैवल्?स की बस सीजी 07 ई 9922 जगदलपुर की ओर जा रही थी। सुबह करीब 3:30 बजे मेटावाड़ा पुल के पास जगदलपुर की ओर से आसना की ओर जा रही टाटा नेक्सान कार बस से सामने से भिड़ गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान बस की रफ्तार भी ज्यादा थी और वहीं कार भी तेज रफ्तार से थी। टक्कर के बाद जोर के धमाके जैसी आवाज भी आई। हादसे के बाद कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में कार सवार सभी की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है हादसे में चार युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। वहीं बस में सवार यात्रियों को कुछ नुकसान नहीं हुआ। हादसे के बाद बस को वहीं छोडक़र बस चालक व हेल्पर फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## चिटफंड कंपनियों की संपत्ति चिन्हांकित करने और फरार डायरेक्टर्स को गिरफ्त में लेने की कवायद हुई और तेज

- एडिशनल एसपी ने ली चिटफंड कंपनियों से जुड़े स्थानीय एजेंटों की मीटिंग

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों में कंपनियों की संपत्ति चिन्हित करने एवं फरार डायरेक्टर्स की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय एजेंटों का सहयोग लेकर कार्यवाही के दिए गए हैं, निर्देशों के पालन में आज दिनांक 18.08.2022 को एडिशनल एसपी रायगढ़ एवं नोडल अधिकारी चिटफंड लखन पटले द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में थाना कोतवाली, चक्रधरनगर तथा पुसौर में दर्ज चिटफंड मामले में संलग्न रहे स्थानीय एजेंटों के साथ बैठक लिया गया।

चिटफंड से संबंधित जिले में दर्ज 27 मामलों में कई मामलों में स्थानीय एजेंटों का नाम भी आरोपी सूची में लाया गया था किंतु स्वयं एजेंटों द्वारा भी चिटफंड कंपनियों काफी रकम निवेश कर रूपये गंवाने पर शासन के आदेशानुसार एजेंटों को सरकारी गवाह बनाया गया है। बैठक में एडिशनल एसपी द्वारा स्थानीय एजेंटों से पंजीबद्ध मामलों के चिटफंड कंपनियों के संबंध में विस्तृत जानकारी लिया गया। एडिशनल एसपी द्वारा एजेंटों से चिटफंड



कंपनी की संपत्ति तथा फरार डायरेक्टर्स के संबंध में किसी प्रकार की भी जानकारी मिलने पर पुलिस से साझा करने तथा पुलिस विवेचना में हर स्तर पर सहयोग करने कहा गया जिससे चिटफंड कंपनियों की संपत्ति चिन्हांकित कर स्थानीय प्रशासन को जानकारी दिया जा सके। एडिशनल एसपी बैठक में बताएं कि जिले में दर्ज 27 अपराध में 20 अपराधों में चिटफंड कंपनियों के संपत्ति चिन्हांकित कर जिला दंडाधिकारी को संपत्ति कुर्की के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है जो प्रक्रियाधीन है। एडिशनल एसपी के साथ बैठक में विवेचना अधिकारीगण तथा जिला अपराध अनुसंधान शाखा (DCB) के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक धनेश डनसेना तथा 45 स्थानीय एजेंट उपस्थित थे। एडिशनल एसपी द्वारा एजेंटों आने वाले समय में भी इसी प्रकार की बैठक लेने बताया गया है।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों और जुआरियों पर जूटमिल पुलिस की कार्यवाही तेज

- संगीतराई नहर के पास जुआ खेलते पकड़े गए तीन जुआरियों से नगद ₹29390 जब्त
- मेला स्थल आसपास शराब सेवन कर रहे 10 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट और 2 पर 151 सीआरपीसी की कार्यवाही

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा अपने स्टाफ के साथ मेला स्थल एवं आसपास पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये हुये हैं। कल दिनांक 18.08.2022 को जूटमिल पेट्रोलिंग की टीम द्वारा मेला स्थल के आसपास सावित्रीनगर, मिट्ठूमुड़ा, छातामुड़ा के सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों की धरपकड़ किया गया। इस दौरान पकड़े गये 10 व्यक्तियों पर चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली में धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है, साथ ही दो संदिग्ध युवको पर धारा 151 CrPC की कार्यवाही कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

इसी क्रम में कल दिनांक 18 820 822 की रात्रि करीब 11:00 बजे मुखबिर सूचना पर जूटमिल पुलिस की टीम ग्राम संगीतराई नहर के पास जुआ खेलने की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया, इस दौरान पुराना पेपर बिछाकर मोमबत्ती के प्रकाश में जुआ खेल रहे 3 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया है, पकड़े गए तीन जुआरी – (1) रमेश कुमार गुप्ता पिता फकीर गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम छपोरा थाना पुसौर (2) द्वारिका पटेल पिता स्व. गोपीचंद पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी संगीतराई चौकी जूटमिल (3) श्यामसुंदर प्रधान पिता साधु राम प्रधान उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम छपोरा थाना पुसौर के फड एवं पास से पुलिस द्वारा नगदी ₹29,390 तथा जुआ सामग्री 52 पत्ती तास जब्त किया गया है , जिन पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में जुआ रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशी, आरक्षक बनारसी सिदार, धनुर्जयचंद बेहरा, विनय तिवारी, ओशनिक विश्वाल और विक्रम सिंह शामिल थे।

## सरिया पुलिस ने गुम बालिका को जांजगीर-चाम्पा जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में किया दस्तयाब

- बालिका को फेसबुक फ्रेंड ने अपने गांव बुलाकर किया शारीरिक शोषण
- मामले में बालिका को भगा ले जाने वाले विधि के साथ संघर्षरत बालक और अपराध में सहयोगी किशोर बालक की मां गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक किरण गुप्ता के नेतृत्व में सरिया पुलिस की टीम जांजगीर-चाम्पा जिले के मुलमुला थानाक्षेत्र से सरिया की गुम बालिका (17.5 वर्ष) को दस्तयाब कर थाना लाया गया है। बालिका के कथन, मुलाहिजा रिपोर्ट पर बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अपचारी बालक एवं अपराध में सहयोगी रही बालक




की मां को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के परिजन दिनांक 21.07.2022 को थाना सरिया में बालिका के दिनांक 19.07.2022 के सुबह बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। बालिका की पतासाजी के लिये उसकी सहेलियों, रिस्तेदार और जान पहचानवालों से पूछताछ कर बालिका के सोशल मीडिया अकाउंट की जांच किया गया जिसमें बालिका के जांजगीर चाम्पा के मुलमुला क्षेत्र के लड़के के संपर्क में आने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस टीम संदेही बालक के घर दबिश दिया गया, जहां बालिका मिली। विधि के साथ संघर्षरत बालक अपने घर से नदारद था, पुलिस बालिका को अपने साथ थाने लेकर आयी। बालिका अपने कथन में बताई कि मुलमुला के लड़के के साथ दो साल पहले फेसबुक में जान परिचय हुआ था , दोनों एक दूसरे का मोबाइल नम्बर लेकर बातें करते थे। पिछले महीने बालक मोबाइल पर कॉल कर उसके गांव मिलने बुलाया जिसे मना करने पर कुछ कर बैठने की धमकी देकर बहला फुसलाकर अपने गांव बुलाया। बालिका बताई कि दिनांक 19/07/22 को सुबह अकेले घर से निकली और मस्तुरी पहुंची, जहां लड़का मोटर सायकल पर लेने आया और अपने घर लेकर गया। लड़के ने शादी का प्रलोभन देकर अपने घर में कई बार शारीरिक संबंध बनाया। लड़के की मां सब जानते हुये, उसके बेटे का साथ देती थी, घर से कहीं जाने नहीं दे रही थी। प्रकरण में धारा 366, 368, 376 IPC एवं 4,6 पोक्सो एक्ट जोड़कर सरिया पुलिस पुन: मुलमुला में दबिश दिया गया और विधि के साथ संघर्षरत बालक और उसकी मां को अभिरक्षा में लेकर थाने लाया गया। सरिया पुलिस द्वारा विधि के साथ संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ तथा आरोपिया को एडीजे कोर्ट सारंगढ़ पेश किया गया है। बालिका की पतासाजी एवं आरोपिया की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक किरण गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक छोटेलाल सिदार, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर पंडा, आरक्षक विमल जांगडे, महिला आरक्षक लता महिलांगे की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480